मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 03 नवम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	03-11-14	04-11-14	05-11-14	06-11-14	07-11-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	34	33	33
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	19	19	19	18	18
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	60	54	52	50	48
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	25	25	27	28	26
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	5	3	4	4
हवा की दिशा	दक्षिण–पूर्व	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

सरसों की फसल में पेन्टेड बग कीट अंकुरण के 7–10 दिन में अधिक नुकसान पहुँचाता है, अतः इस कीट की रोकथाम के लिए मिथाइल पैराथियॉन 2 प्रतिशत चूर्ण 20 से 25 किग्रा प्रति हैक्टर की दर से प्रातः या सायंकाल के समय भुरकाव करें।

जीरे की उन्नत किस्में आर.जेड.–19, आर.जेड.–209, जी.सी.–4, आर.जेड.–223 की बुवाई करें।

जीरे की फसल में उखटा रोग की रोकथाम के लिए 2 ग्राम कार्बेन्डेजिम या 4 ग्राम ट्राइकोडरमा प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें।

गर्भित भेड़–बकरियों के आहार व स्वास्थय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। नवजात मेमनों को मादा का शुरू का दूध अवश्य पिलाएं तथा रात के समय खुले में ना रखें।